AGRICULTURE INSURANCE CO. OF INDIA LTD.

ऑनलाइन भर्ती परीक्षा के लिए सूचना पुस्तिका

प्रबंध प्रशिक्षु

इस पुस्तिका में आपके द्वारा दी जाने वाली ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है, क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प और वर्णनात्मक प्रश्नावलियाँ होंगी :

अनु.क्र.	प्रश्नावली का नाम	प्रश्नावली का स्वरूप	अधिकतम अंक	प्रश्नों की संख्या	परीक्षा का माध्यम	अवधि
1	तर्कशक्ति की प्रश्नावली	वस्तुनिष्ठ	25	25	अंग्रेजी / हिन्दी	75 मिनट
2	अंग्रेजी भाषा की प्रश्नावली	वस्तुनिष्ठ	20	20	अंग्रेजी	
3	सामान्य जागरुकता की प्रश्नावली	वस्तुनिष्ठ	20	20	अंग्रेजी / हिन्दी	
4	संख्यात्मक अभियोग्यता और कम्प्यूटर साक्षरता की प्रश्नावली	वस्तुनिष्ठ	25	25	अंग्रेजी / हिन्दी	
5	संबंधित विषयों में तकनीकी और व्यावसायिक ज्ञान की जाँच के लिए व्यावसायिक परीक्षा	वस्तुनिष्ठ	35	35	अंग्रेजी / हिन्दी	30 मिनट
6	वर्णनात्मक अंग्रेजी परीक्षा - निबंध, सार लेखन और गद्यांश आकलन	वर्णनात्मक	25	03	केवल अंग्रेजी	45 मिनट

अंग्रेजी भाषा और वर्णनात्मक अंग्रेजी परीक्षा के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी । सभी प्रश्नों में बहुविकल्पी होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उस पर 'माउस क्लिक' करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी । ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 अंक काट लिए जायेंगे ।**

वर्णनात्मक अंग्रेजी परीक्षा - निबंध, सार लेखन और गद्यांश आकलन :

वर्णनात्मक परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से ली जाएगी । प्रश्न केवल अंग्रेजी में उपलब्ध होंगे । केवल निबंध जैसे प्रश्नों के लिए आंतरिक विकल्प दिए जाएंगे । उम्मीदवार को कम्प्यूटर के की-बोर्ड की मदद से उत्तर टाइप करने होंगे । वर्णनात्मक परीक्षा के प्रश्नों के उत्तर टाइप करने से पहले की-बोर्ड की सब कुंजी कार्यरत है, कृपया यह जांच लें ।

कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं संपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका यहाँ वर्णन नही किया गया है ।

नमूने के रूप में कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

नमूना प्रश्न

तर्कशक्ति की प्रश्नावली

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह से सोच सकते हैं और कम्प्यूटर के साथ काम करने की आपकी अभिरूचि/ज्ञान संबंधी निर्णय लेने के लिये भी है । इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे । यहाँ नमूना के तौर पर प्रश्न दिये हैं ।

प्र.1-2. **निर्देश :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, पांच अक्षर समूह या शब्द दिये गये हैं । इनमें से चार अक्षरसमूहों या शब्दों में किसी न किसी प्रकार की समानता है जबकि एक भिन्न है । ज्ञात कीजिए कि कौनसा एक भिन्न है ।

प्र.1. (1) काला (2) लाल (3) हरा (4) रंग (5) पीला

प्र.2. (1) BC (2) MN (3) PQ (4) XZ (5) ST

प्र.3-4. **निर्देश :** नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न चिह्न लगा है । उसके नीचे दिये गये पाँच विकल्पों में से केवल कोई एक ही उस तरह के संबंध को प्रकट करता हैं जो कि प्रश्न में : : चिह्न के बायीं ओर वाले दो शब्दों में है । सही उत्तर ज्ञात कीजिये ।

प्र.3. चरण : मनुष्य : : खुर : ?
(1) पैर (2) कुत्ता (3) घोड़ा (4) लड़का (5) जूता

प्र.4. दिन : रात : : दयालु : ?
(1) अंधेरा (2) प्रकाशमान (3) क्रूर (4) उदार (5) कृतज्ञता

अंग्रेजी भाषा की प्रश्नावली

इस प्रश्नावली का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान को परखना है । व्याकरण, शब्द भंडार, वाक्यों को पूर्ण करना, समानार्थी, विपरीतार्थी शब्द, अनुच्छेद की समझ आदि संबंधों प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा ली जाएगी । नीचे कुछ नमूना प्रश्न प्रस्तुत हैं, उनका अध्ययन करें और उत्तर दें। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि परीक्षा में कई अन्य प्रकार के प्रश्न भी हो सकते हैं ।

Q.1. Read each sentence to find out whether there is any grammatical or idiomatic error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part is the answer. If there is no error, the answer is '5'. (Ignore the errors of punctuation, if any).

Most of the third world (1) / country are experiencing (2) / the ethnic or communal problem (3) / in varying degrees. (4) No error (5)

Q.2. Pick out from the words given below each sentence the word which would complete the sentence correctly and meaningfully.

Continuous unemployment has induced in the people a kind of ________ which is most depressing.
(1) laziness (2) encouragement (3) satisfaction (4) anger (5) awakening

Q.3-8. In the following passage there are blanks, each of which has been numbered. These numbers are printed below the passage and against each, five words are suggested, one of which fits the blank appropriately. Find out the appropriate word in each case.

The true (3) of rights is duty. If we all (4) our duties, rights will not be (5) to seek. If leaving duties unperformed we run (6) rights, they will (7) us like an elusive person. The more we pursue them, the farther (8) they fly.

Q.3. (1) end (2) source (3) joy (4) purpose (5) power

Q.4. (1) deny (2) devote (3) discharge (4) imagine (5) fulfill

Q.5. (1) far (2) close (3) easy (4) against (5) common

Q.6. (1) as (2) after (3) at (4) from (5) for

Q.7. (1) hold (2) grab (3) fight (4) escape (5) chase

Q.8. (1) off (2) can (3) did (4) could (5) towards

Q.9. Select from amongst the five alternatives, the word nearest in meaning to the word given in capitals.
ACCOMPLISHED
(1) Polished (2) Completed (3) Strong (4) Companion (5) attained

Q.10. Pick out the most appropriate pair of prepositions from amongst the prepositions given below the sentence to complete it meaningfully.
Reaching the top ________ the hill, she stopped ________ breath.
(1) of / to (2) upon / for (3) at /by (4) of / for (5) None of these

सामान्य जागरुकता की प्रश्नावली

प्र.1. नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (NSDL), एक इलेक्ट्रॉनिक सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी, IDBI, UTI, सरकारी और निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंकों एवं _______ द्वारा 1996 में प्रोमोट किए गए थे।
(1) बंबई शेयर बाजार (BSE) लिमिटेड
(2) भारत का राष्ट्रीय शेयर बाजार (NSE) लिमिटेड
(3) भारत का मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया (MCX) लिमिटेड
(4) इंडियन नेशनल मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज (NMCE) लिमिटेड
(5) नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव एक्सचेंज (NCDEX) लिमिटेड

प्र.2. सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना (SECC) के अनुसार, जो 2011 में शुरू हुई, भारत में परिवारों की कुल संख्या लगभग _______ है ।
(1) 17.39 करोड़ (2) 19.39 करोड़ (3) 21.39 करोड़ (4) 24.39 करोड़ (5) 27.39 करोड़

प्र.3. केंद्र स्तर पर किन करों को GST में मिलाया जा रहा है ?
(1) केंद्रीय उत्पाद शुल्क (2) अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (3) सेवा कर
(4) विशेष अतिरिक्त सीमा शुल्क (5) दिए गए सभी विकल्प

प्र.4. RBI ने भारत में परिचालन कर रहे बैंकों पर लागू सीमा तक पूंजी विनियमन संबंधी बासेल III सुधारों के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए हैं। बासेल III पूंजी विनियमन तीन परस्पर सुदृढ़ीकरण स्तंभों पर आधारित हैं। इस संबंध में निम्न में से कौन-सा, ऐसे स्तंभों का एक भाग नहीं है ?
(1) न्यूनतम पूंजी आवश्यकता (2) अधिकतम लाभ अर्जित करना
(3) पूंजी पर्याप्तता की पर्यवेक्षी समीक्षा (4) बासेल II पूंजी पर्याप्तता ढांचे का विपणन क्षेत्र
(5) दिए गए सभी विकल्प स्तंभ हैं

संख्यात्मक अभियोग्यता और कम्प्यूटर साक्षरता की प्रश्नावली

यह प्रश्नावली संख्यात्मक गणनाओं आदि में आपकी गति एवं शुद्धता की जाँच के लिये है ।

प्र.1-3. **निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में आपको यह ज्ञात करना है कि प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आयेगा ।

प्र.1. 42 + 73 + 137 = ?
(1) 352 (2) 252 (3) 242 (4) 142 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.2. $20 \times \frac{1}{2} = ?$
(1) 4 (2) 5 (3) 12 (4) 20 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.3. 0.7 x 0.5 = ?
(1) 35 (2) 0.35 (3) 0.0035 (4) 0.035 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.4. 10 पैसे प्रति नींबू के भाव से 6 नींबूओं की कीमत कितने पैसे होगी ?
(1) 6 (2) 10 (3) 60 (4) 610 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.5. निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सटीक गुणक है ?
(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.6. निम्नलिखित में से कौनसी एक लोकप्रिय कंप्यूटर भाषा है ?
(1) A + (2) BA + (3) C ++ (4) CA + (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.7. _________ कंप्यूटर का एक आउटपुट डिवायस है ।
(1) प्रिन्टर (2) CPU (3) माउस (4) की बोर्ड (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.8. RAM का पूरा रुप क्या है ?
(1) Random Adaptive Mouse (2) Random Adaptive Memory (3) Random Access Memory
(4) Random Access Mouse (5) इनमें से कोई नहीं

संबंधित विषयों में तकनीकी और व्यावसायिक ज्ञान की जाँच के लिए व्यावसायिक परीक्षा

ग्रुप A – कृषि विज्ञान

प्र.1. निम्न में से कौनसी एक उच्च तकनिकी, उच्च मूल्य वाली कृषि परियोजना है ?

(1) समुद्री मत्स्यपालन (2) ग्रीन हाऊस (3) अंगूर की खेती (4) पोल्ट्री फार्मिंग (5) इनमें से कोई नहीं

प्र.2. एक पुल टाइप कम्बाइन हार्वेस्टर के लिए कितने पावर की आवश्यकता होती है ?

(1) कट की प्रति मीटर चौड़ाई हेतु 6 HP (2) कट की प्रति मीटर चौड़ाई हेतु 8 HP

(3) कट की प्रति मीटर चौड़ाई हेतु 12 HP (4) कट की प्रति मीटर चौड़ाई हेतु 16 HP

(5) कट की प्रति मीटर चौड़ाई हेतु 20 HP

ग्रुप B – I.T. (प्रोग्राम विकास)

प्र.1. स्वीकृति परीक्षणों का निर्धारण करने, फंक्शनल आवश्यकताओं को संरचनात्मक करने, और फंक्शनल आवश्यकताओं को वैलिडेट करने का कार्य किस एक चरण (phase) में निष्पादित किया जाता है ?

(1) प्रॉबल्म एनालिसिस फेज़ (2) डिसीज़न एनालिसिस फेज़ (3) सिस्टम्स एनालिसिस फेज़

(4) लॉजिकल डिज़ाइन फेज़ (5) सिस्टम टैस्टिंग फेज़

प्र.2. युनिक्स (UNIX) में फाइल प्रणाली की माउंटींग का क्या अर्थ है ?

(1) माऊंट की जानेवाली फाईल प्रणाली का लिंक प्रदान करना ताकि वह स्थानीय सबडायरेक्ट्री- जैसी दिखे

(2) एक फाईल प्रणाली से दूसरी में सभी फाइलें मूव करना

(3) बैक अप मिडियम से फाइल प्रणाली को लोड करना जैसे कि टेप

(4) एक फाईल प्रणाली से दूसरी में सभी फाइलों को कापी करना

(5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

ग्रुप C – विधी

प्र.1. तुलनपत्र और लाभ एवं हानि लेखा को कंपनी की वार्षिक आम बैठक के समक्ष प्रस्तुत कर देने के बाद वार्षिक आम बैठक के _________ दिन के भीतर इन्हें कंपनी रजिस्ट्रार के यहां जमा करना होता है ।

(1) 60 (2) 45 (3) 30 (4) 20 (5) 15

प्र.2. हैकिंग की सज़ा ________ है ।

)1 (रु 1 .करोड़ तक का जुर्माना

)2 (रु .एक लाख का जुर्माना और आजीवन कारावास

)3 (3 साल तक का कारावास या रु 5 .लाख तक का जुर्माना या दोनों

)4 (7 साल तक का कारावास या रु 7 .लाख तक का जुर्माना

)5 (10 साल तक का कारावास या रु50 .,000/- तक का जुर्माना

ग्रुप D – लेखा

प्र.1. REAL ACCOUNT के लिए लेखा-विधि का आधार नियम _________ है ।

(1) प्राप्तकर्ता को डेबिट, देने वाले को क्रेडिट (2) देने वाले को डेबिट, प्राप्तकर्ता को क्रेडिट

(3) व्यय तथा हानि का डेबिट, आय तथा लाभ का क्रेडिट (4) डेबिट वह जो बाहर जाता है, क्रेडिट जो अंदर आता है

(5) डेबिट जो अंदर आता आता है, क्रेडिट जो बाहर जाता है

प्र.2. निम्नलिखित में से कौनसा वक्तव्य गैर-लाभ निर्माण संघटन के लिए लाभ-हानि खाते के स्थान पर तैयार किया गया है ?

(1) लाभ-हानि विनियोग लेखा (2) तुलन-पत्र (3) स्थिति विवरण

(4) त्रोतों का विवरण तथा कोष के लिए आवेदन (5) आय-व्यय लेखा

वर्णनात्मक अंग्रेजी परीक्षा

The Paper may include Questions as follows :

Q.1. Write an essay on any one of the following topics in about 250 words:

- Measures to eradicate illiteracy in India
- Importance of Financial Planning
- Financial Inclusion

Q.2. Write a précis of the following passage in about 120 words, and give it a title.

Christian Reed, a project manager, has worked at the Tata Steel plant—Britain's biggest—for 11 years. His father worked in the local steel industry for 40 years, and his grandfather was a foundry worker. "It's very difficult to contemplate losing the plant," he says. "It would be like losing a member of the family."

The fate of his job and those of about 4,300 other Port Talbot steelworkers, as well as Britain's loss-making steel industry in general, have become the most poignant part of the political row that has erupted in Britain since Tata Steel, Britain's biggest producer, said in late March that it planned to sell or close its operations in the country. Opposition politicians have demanded that the government engineer a rescue, either by erecting high tariff walls against cheap steel imports, as America has done, or by going for some sort of nationalisation, as Italy has attempted with the ill-starred Ilva plant in the heel of the country. On April 5th a potential rescuer, Sanjeev Gupta of Liberty House, a commodity-trading company, said he was interested in buying the Port Talbot business, though he wants plenty of government sweeteners before doing so. He has called Britain's steel industry "probably the worst in the world."

There are few parts of the rich world where steel remains a good business, however. Port Talbot's woes are indicative of a global problem—especially in places where makers of unspecialised steel face competition from cheaper producers.

In the eyes of many, including the Welsh steelworkers, the main bogeyman is China, where steel output has ballooned. The country has produced more steel in two years than Britain since 1900, according to the International Steel Statistics Bureau, and is indeed awash with excess capacity. But this is part of a phenomenon that extends across the developing world. The OECD, a club mostly of rich countries, reckons that in the four years to 2017 steelmaking capacity will have grown by 50% in the Middle East, 20% in Africa and 10% in Latin America.

Meanwhile, the China-led slowdown in developing economies and low oil prices, which have hit the use of steel in rigs and pipelines, mean that demand is severely lagging supply. Even in India, which is supposed to be the bright spot of the global steel market, demand growth is unlikely to recover to levels in the years before 2010 when it embarked on a debt-fuelled infrastructure construction binge.

Q.3. English Comprehension based on a passage.

Read the following passage carefully and answer the questions that follows.

In this age, when the popular involvement in day-to-day matters in mounting, it is the electronic systems that offer us a potential service infrastructure which could, with careful programming, probably take care of a very large element of what we describe as mechanical, procedural governance without all the distortions, corruptions and harassments which constitute the daily misery of the average citizen. Of course, the electronic systems will only behave to the extent that they are properly programmed. But this is no impossible task today.

Once we move our minds beyond the mere use of the electronic revolution for business efficiency and higher profitabilities and apply it to the task of reducing the routine, repetitive activities of governance, we will conserve time and energy for more important and creative tasks. In other words, the electronic revolution can make for better and more effective handling of real everyday problems, additionally to providing the basic service of computerized information banks. Even in less developed conditions, the potential of the electronic network to take over a great deal of what is called bureaucratic "paper work" has been vividly demonstrated. Licensing system involving endless form filling in endless copies; tax matters which baffle millions of citizens, particularly those who have nothing to hide; election system which require massive supervisory mobilizations or referendums based on miniscule "samples" which seldom reflect the reality at the social base. At all these points, the electronic advantage is seen and recognized. However, we must proceed further.

It is possible to foresee a situation where the citizen, with his personalized computer entry card, his "number", is able to enter the electronic network for a variety of needs now serviced by regiments of officials, high and low. Indeed, this is already happening in a number of countries. From simple needs, we will move to more complex servicing, and, ultimately, into creativity or what is called "artificial intelligence".

Q.(i) What does the term "bureaucratic paper work" refer to ?

Q.(ii) How has electronic revolution helped organisations in day-to-day activities ?

Q.(iii) What is "artificial intelligence" ?

(अ) ऑन-लाईन परीक्षा पैटर्न का विवरण :

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) अंग्रेजी भाषा और वर्णनात्मक अंग्रेजी परीक्षा के प्रश्नों के अतिरिक्त सभी प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे ।

(3) सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा । किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो ।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन पर दांए प्रश्न पैलेट प्रत्येक क्रमांकित प्रश्न का निम्नलिखित में से एक स्टेटस दर्शाता है :

1 आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।

2 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।

3 आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।

4 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिन्हित किया है।

5 प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिन्हित है , उसका मूल्यांकन किया जायेगा ।

रिव्यू के लिए मार्क स्टेटस महज रिमाइंडर का काम करता है कि आपने फिर से देखने के लिए प्रश्न सेट किया है । रिव्यू के लिए मार्क किए गए प्रश्न का उत्तर चुना जाता है तो इस उत्तर पर अंतिम मूल्यांकन में सम्मिलित किया जाएगा ।

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

a. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए । नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए।

c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए ।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । यदि मार्कड फोर रिव्यू प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'सेव' या 'रिव्यू के लिए मार्क' किए गए हैं, सिर्फ वही प्रश्न मूल्यांकन के लिए कन्सिडर किए जाएंगे।**

(14) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार को AICL द्वारा निर्णित अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से वंचित कर दिया जाएगा ।

(15) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(16) पूरी अवधी की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे । उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे ।

(17) **वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नपत्र के लिए कृपया नोट करें :**

(क) **परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा ।**

(ख) **एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

(18) वर्णनात्मक प्रश्न पत्र के लिए कृपया नोट करें :-

(क) परीक्षा देने हेतु अलग से किसी लॉग-इन की आवश्यकता नहीं है।

(ख) वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं के स्वतः पूर्ण होने पर यह परीक्षा स्वतः शुरू हो जाएगी।

(ग) प्रश्न कंप्यूटर के मॉनिटर पर दर्शाए जाएंगे।

(घ) एक बार में केवल एक प्रश्न दर्शाया जाएगा।

(ङ) "टाइप करते समय यदि आप 'स्पेस बार' (Space bar) दबाते हैं और फिर 'एंटर कुंजी' (Enter key) दबाते हैं, तो 'कर्सर' (cursor) अगली पंक्ति में नहीं जाएगा । हालाँकि यदि आप अंतिम शब्द के तुरंत बाद 'एंटर कुंजी' (Enter key) दबाते हैं, तो 'कर्सर' (cursor) अगली पंक्ति में चला जाएगा । आपको इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि यदि स्पेस बार (Space bar) / एंटर कुंजी (Enter key) को एक से अधिक बार दबाया जाएगा तो सिस्टम (system) उसे एक की स्ट्रोक (single keystroke) मानेगा (यानी कि एक स्पेस (Space) और एक एंटर (Enter) अगली लाइन में) ।

वस्तुनिष्ठ परीक्षा के तुरन्त बाद ही एक वर्णनात्मक परीक्षा आयोजित की जाएगी ।

(ब) सामान्य निर्देश :

(1) कृपया बुलावा पत्र में तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें (जो कॉल लेटर में प्रिंट किया गया हो) । देर से आने वालो कों अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर बुलावा पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और AICL प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी । **प्रवेश द्वार पर आरोग्यसेतु स्टेटस दिखाने के बाद अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर तय स्थान पर जमा करने होंगे और परीक्षा स्थल से बाहर निकलते समय वापस इन्हें लेना होगा ।**

(6) आपके अपने फोटोग्राफ को इस बुलावे-पत्र पर चिपका कर उसे मूलरूप में वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी के साथ लाएं - **यह अनिवार्य है । कृपया यह प्रवेश-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी समुचित रूप से स्टेपल करके परीक्षा के अंत में ड्राप बाक्स में डाल दें ।** वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं- **पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/फोटोग्राफ वाले वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/आधार कार्ड/फोटो युक्त ई-आधार कार्ड/कर्मचारी का मूल पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि बुलावा पत्र पर लिखा गया आपका नाम फोटो पहचान प्रूफ पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहला/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । बुलावा पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रूफ में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा ।

(7) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीद्वारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा, यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीद्वारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ AICL उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(8) आपको अपने साथ एक बाल-पाइंट पेन और इंक स्टैम्प पैड लाना चाहिए । परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपके कागज का एक पन्ना दिया जाएगा । परीक्षा पूरी होने के बाद आपको कागज का यह पन्ना परीक्षा के अंत में ड्राप बाक्स में **अवश्य** डालना है ।

(9) परीक्षा के प्रशासन में कुछेक समस्या होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है । ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा,जिसमें उम्मीदवारों के मूवमैंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल । पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालन के विवेक पर निर्भर है। उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे । परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा ।

(10) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में किसी भी पद/विधा के लिये आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियो कि डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर किसी अभ्यर्थी के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(11) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है ।

(12) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे AICL की किसी भी भरती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

सामाजिक दूरी पद्धति से परीक्षा संचालन संबंधी अनुदेश

1. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल परबुलावा पत्र में उल्लिखित **और / या** परीक्षा तिथि से पूर्व उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर/मेल पर SMS/मेल के जरिए सूचित समयावधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। अभ्यर्थियों से इस समयावधि का सख्ती से पालन अपेक्षित है – क्योंकि परीक्षा स्थल पर प्रवेश की अनुमति संबंधित अभ्यर्थी को **केवल** उसे आबंटित समयावधि में ही मिलेगी। अभ्यर्थी को बुलावा पत्र में दिए गए रिपोर्टिंग समय से न्यूनतम 15 मिनट पहले रिपोर्ट करना चाहिए ।
2. स्थल के बाहर नहीं दर्शाई जाएगी अभ्यर्थी के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा, पर इसे प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा ।
3. परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री

   अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल कुछ निश्चित सामान लाने की अनुमति होगी

   a. मास्क **(मास्क पहनना अनिवार्य है)**
   b. दस्ताने
   c. पानी की अपनी पारदर्शी बोतल **(अभ्यर्थी अपनी पानी की बोतल लेकर आएँ)**
   d. अपना हैंड सैनिटाइजर (50 मिली)
   e. एक सामान्य पेन और इंक स्टैम्प पैड
   f. परीक्षा संबंधी कागजात (बुलावा पत्र जिसके साथ ID कार्ड की फोटोप्रति संलग्न हो, सत्यापन के लिए मूल ID कार्ड)
   g. बुलावा पत्र इसके साथ ID कार्ड की फोटोप्रति संलग्न कर के लाएँ। मूल ID (फोटोप्रति वाली) भी सत्यापन हेतु साथ लेकर आएँ। ID तथा बुलावा पत्र पर नाम बिलकुल एक जैसा होना चाहिए।
   h. स्क्राइब वाले अभ्यर्थियों के मामले में– विधिवत भरा व फोटोग्राफ लगा कर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म

   परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है।

4. अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामानसामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।/

5. अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

6. अभ्यर्थी को स्थल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए।

7. यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी अपने दस्ताने, N95 मास्क, सैनिटाइज़र (50 मिली) और पानी की पारदर्शी बोतल लानी चाहिए। अभ्यर्थी और स्क्राइब दोनों को N95 मास्क पहनकर रखना होगा।

8. अभ्यर्थी द्वारा अपने मोबाइल फोन में आरोग्य सेतु एप्प जरूर इन्सटाल किया हुआ होना चाहिए। आरोग्यसेतु स्टेटस में अभ्यर्थी का जोखिम स्तर जरूर दर्शाया हुआ होना चाहिए। अभ्यर्थी को यह स्टेटस परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को दिखाना होगा। यदि अभ्यर्थी के पास स्मार्ट फोन नहीं है तो उसे इस आशय की हस्ताक्षरित घोषणा (घोषणा इस बुलावा पत्र के साथ उपलब्ध करायी गई है) लानी होगी और इसे परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को दिखाना होगा। (यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी इन्हीं निर्देशों का पालन करना होगा)

9. **प्रवेश द्वार पर आरोग्यसेतु स्टेटस दिखाने के बाद अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर तय स्थान पर जमा करने होंगे और परीक्षा स्थल से बाहर निकलते समय वापस इन्हें लेना होगा ।**

10. प्रवेश द्वार पर सभी अभ्यर्थियों (और स्क्राइब, यदि लागू है) के तापमान की जांच थर्मामीटर गन से की जाएगी ।

11. अभ्यर्थी पंजीकरण में :
    - **a. अभ्यर्थी का पंजीकरण फोटो लेकर किया जाएगा। ली गई फोटो आवेदन (बुलावा पत्र में यथा मुद्रित) में आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से मिलायी जाएगी। आपकी शक्ल/रूप-रंग आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से अलग नहीं होनी/होना चाहिए।**
    - **b. फोटोग्राफ अभ्यर्थी के खड़े होने की मुद्रा में लिया जाएगा**
    - **c. अभ्यर्थी को सीट क्रमांक दिया जाएगा**

12. रफ शीट, बुलावा पत्र और ID प्रमाण प्रबंधन :
    - अभ्यर्थी, प्रत्येक अभ्यर्थी डेस्क पर रखी रफ शीट का इस्तेमाल करेंगे।
    - अभ्यर्थी को लैब/स्थल को छोड़ते समय उपलब्ध कराए गए बॉक्सों में या किसी तय स्थान पर ID प्रमाण प्रति सहित बुलावा पत्र डालने के संबंध में निर्देशों का पालन अवश्य करना चाहिए। स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठाने वाले अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र और ID प्रमाण की प्रति सहित स्क्राइब फॉर्म जमा करना चाहिए।
    - अभ्यर्थी को लैब/स्थल से बाहर निकलते समय, वहाँ उपलब्ध कराए गए बॉक्सों में या परीक्षा पदाधिकारियों द्वारा निर्देशित तय स्थान पर रफ शीट, बुलावा पत्र, ID प्रमाण की प्रति अनिवार्यतः डालनी चाहिए।

13. : परीक्षा आयोजित होने के बाद नियंत्रण
    - परीक्षा पूर्ण होने पर अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल स्टाफ द्वारा निर्देशित किए जाने के अनुरूप भीड़ लगाए बगैर व्यवस्थित तरीके से बाहर निकलना चाहिए।

आपको शुभकामनाएं